प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

20.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

'' मुख्य समाचार''

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों के सदनों की मर्यादा और प्रतिष्ठा बनाए रखने पर दिया बल।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कुम्भ परम्परा को बताया भारतीय सनातन संस्कृति का हृदय।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आईजीएमसी शिमला में कैंसर मरीज की मौत के मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ सरकार से की कड़ी कार्रवाई की मांग।
- राष्ट्रीय मनाली विंटर कार्निवाल का रंगारंग आगाज़–पांच दिनों तक देखने को मिलेगी देश की विविध संस्कृति की झलक।

एआईपीओसी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों के सदनों की मर्यादा और प्रतिष्ठा बनाए रखने पर जोर दिया है। बिहार के पटना में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन– एआईपीओसी के उद्घाटन सत्र को संबोधित लोकसभा अध्यक्ष ने जन प्रतिनिधियों से संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की अपील की। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पीठासीन अधिकारी के रूप में विधायी प्रक्रिया के माध्यम से लोगों की सेवा करना हमारी बड़ी जिम्मेदारी है।

सम्मेलन के दौरान देश भर के विभिन्न विधायी निकायों, लोकसभा और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारी, संविधान की 75वीं वर्षगांठ संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में संसद और राज्य विधान निकायों का योगदान विषय पर चर्चा करेंगे। इस बीच प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने इस मौके पर कहा कि यदि लोकतंत्र और संसदीय प्रणाली मजबूत होगी तभी देश भी मजबूत होगा। पठानिया ने कहा कि हम सभी को दलगत राजनीति से उपर उठकर इस मंच के माध्यम से संसदीय प्रणाली, विधानमण्डल और विधान परिषद को मजबूत बनाना होगा। उन्होंने ये भी कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेवारियों का अहसास होना चाहिए।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि कुम्भ परम्परा भारतीय सनातन संस्कृति का हृदय है। राज्यपाल आज प्रयागराज में महाकुम्भ के दौरान आयोजित ''भारत की गौरवशाली गाथा–आत्मसंदेह की बेड़ियों को तोड़ते हुए'' विषय पर आयोजित व्याख्यान श्रृंखला को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुम्भ परम्परा न केवल धार्मिक बल्कि आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक समृद्धि का भी स्रोत है। उन्होंने कहा कि कुम्भ का मंच भारतीय सभ्यता की अलौकिक महिमा को पहचानने और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का भी माध्यम है। राज्यपाल ने कहा कि कुम्भ मेला नदियों का संगम नहीं बल्कि विचारों और संस्कृति का भी संगम है। यह भारत के इतिहास की अपार समृद्धि का भी प्रतीक है।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के समन्वित प्रयासों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व को वसुदैव कुटुम्बकम का दर्शन देने वाले देश में आत्म संशय की प्रवृति पर विचार करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने भारत की समृद्ध धरोहर के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आहवान किया।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के स्टार प्रचारक बनाए गए हैं। सुक्खू हिमाचल से एकमात्र ऐसे नेता हैं जिनको दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने चुनाव प्रचार की जिम्मेवारी सौंपी है। मुख्यमंत्री 26 जनवरी के बाद दिल्ली में चुनाव प्रचार के लिए जा सकते हैं।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार सभी अस्पतालों और निजी दुकानों में जीवन रक्षक टीके उपलब्ध होना सुनिश्चित करेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने सोलन में आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि इसके लिए सरकार सख्त कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में डॉक्टर बेहतर कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने आईजीएमसी में समय पर कैंसर मरीज को जीवन रक्षक टीका न मिलने के कारण मौत के मामले पर कहा कि घटना के समय ये टीका अस्पताल में उपलब्ध नहीं था। उन्होंने कहा कि मरीज की मौत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश में केरल की तर्ज पर स्वास्थ्य प्रणाली लागू की जाएगी और इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मांग की है कि इंजेक्शन न मिलने के कारण आईजीएमसी शिमला में एक कैंसर मरीज की मौत के मामले में झूठ बोलने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि पहले अस्पताल प्रशासन ने मरीज को इंजेक्शन नहीं दिया और बाद में परिजनों पर घटिया आरोप लगाकर अमानवीयता की सभी सीमाएं लांघ दी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश वासियों को ऐसा व्यवस्था परिवर्तन नहीं चाहिए जिसमें किसी मरीज की मौत के तीन दिन बाद अस्पताल प्रशासन इंजेक्शन देने की बात करता हो। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

विंटर कार्निवाल–मनाली

मनाली विंटर कार्निवाल आज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आरम्भ हो गया। 5 दिनों तक चलने वाले इस राष्ट्रीय कार्निवाल की शुरूआत माता हिडिम्बा की पूजा अर्चना के साथ हुई। कार्निवाल का शुभारम्भ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने करना था लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हैलीकॉप्टर मनाली नहीं पहुंच सका। ऐसे में स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली विंटर कार्निवाल का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री अब सड़क मार्ग से विंटर कार्निवाल में हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता.........

केवाईसी

चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज और रेई पंचायत के उपप्रधान ठाणू लाल शर्मा ने प्रदेश सरकार से घाटी में जमीन की केवाईसी करवाने के लिए निर्धारित समय सीमा को बढ़ाने की मांग की है। इन पंचायत प्रतिनिधियों ने आकाशवाणी को बताया कि इस कार्य के लिए सरकार ने 21 जनवरी की समय सीमा तय की है लेकिन घाटी में भारी बर्फबारी के चलते लोगों को किलाड़ तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है और वे निर्धारित समय तक केवाईसी नहीं करवा पाएंगे।

दुर्घटना

शिमला जिला के सुन्नी क्षेत्र की धामी सुन्नी सड़क पर बीती रात बागीपुल बैजू के पास एक ट्रक के सैंज खड्ड में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो सगे भाईयों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सोलन जिला की अर्की तहसील के ठेरा गांव के दिनेश कुमार और विनोद कुमार के रूप में हुई है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक सीमेंट से लदा हुआ था।

भाजपा

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने कहा है कि व्यवस्था परिवर्तन का वादा करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने वास्तव में प्रदेश में व्यवस्था का पूरी तरह पतन कर दिया है। राकेश जम्वाल ने आज मण्डी में एक बयान में आरोप लगाया कि प्रदेश के अस्पताल बदहाल स्थिति में पहुंच गए हैं और मरीज ईलाज के लिए दर–दर भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल झूठे वायदे और आंकड़े पेश करने में लगी है और केवल घोषणाओं तक सीमित रह गई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने अपनी विफलताओं को सुधारने के लिए तुरंत कदम नहीं उठाए तो राज्य की जनता जल्द ही इसका जवाब देगी।

''मुख्य समाचार एक बार फिर''

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों के सदनों की मर्यादा और प्रतिष्ठा बनाए रखने पर दिया बल।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कुम्भ परम्परा को बताया भारतीय सनातन संस्कृति का हृदय।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आईजीएमसी शिमला में कैंसर मरीज की मौत के मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ सरकार से की कड़ी कार्रवाई की मांग।
- राष्ट्रीय मनाली विंटर कार्निवाल का रंगारंग आगाज़–5 दिनों तक देखने को मिलेगी देश की विविध संस्कृति की झलक।